आईआईएम रांची से 95 परसेंट स्टूडेंट्स को मिला प्लेसमेंट

रांची | भारतीय प्रबंध संस्थान रांची ने अपने एमबीए और एमबीए एचआर के समर प्लेसमेंट पूरा कर लिया है। इस वर्ष 281 छात्रों एमबीए में 207 और एमबीए एचआर में 74 की नियुक्ति लिए 125 कंपनियों ने भागीदारी निभाई। एमबीए बैच के लिए औसत स्टाइपेंड में पिछले वर्ष की तुलना में 5.36 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और यह 95. 696 है। एमबीए.एचआर बैच के लिए औसत स्टाइपेंड 100.171 है, जो 5.27 प्रतिशत बढ़ा है। एमबीए बैच के शीर्ष 25 प्रतिशतक के लिए औसत स्टाइपेंड 1.92.509 है और एमबीए.एचआर बैच के शीर्ष 25 प्रतिशतक के लिए औसत स्टाइपेंड 1,97,282 है। छात्रों को मुख्यत सेल्स एंड मार्केटिंग,फाइनेंस, ऑपरेशनस एंड जेनेरल मैनेजमेंट, आईटी एंड एनालिटिक्स, स्ट्रेटेजी एंड कंसल्टिंग और ह्यूमन रीसौर्स मैनेजमेंट के कार्यात्मक क्षेत्रों में इंटर्नशिप मिली है। इनमें से एमबीए के छात्रों को बिज़नस डेवलपमेंट एंड स्ट्रेटेजीए कैंपेन मैनेजमेंटए इक्विटी रिसर्चए कॉर्पोरेट फाइनेंसए सप्लाई चैन मैनेजमेंटए ऑपरेशनस एनालिटिक्सए स्ट्रेटेजिक सोर्सिंगए प्रोडक्ट एनालिस्ट और बिज़नेस एनालिस्ट में विविध भूमिकाएं प्रदान की गई हैं।

Dainik Bhaskar, 07.02.2020, Pg. 06